बिहार सरकार

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

# पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी

{Phone 0612–2217758, Email- patnazoobihar@gmail.com}

## अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं० 07/e-PROC/PZMDS/2026-27

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार। |
| 2 | विज्ञापनदाता का नाम पता | पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी |
| 3 | परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 09.07.2026 से 18.07.2026 को अपराह्न 12:00 बजे तक ई–प्रॉक पोर्टल पर (https://eproc2.bihar.gov.in) |
| 4 | प्री–बिड बैठक की तिथि एवं समय | दिनांक 13.07.2026 को अपराह्न 4:00 बजे (पटना जू स्थित निदेशक, पटना जू के कार्यालय में) |
| 5 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | दिनांक 18.07.2026 को अपराह्न 2:00 बजे तक ई–प्रॉक पोर्टल पर (https://eproc2.bihar.gov.in) |
| 6 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 18.07.2026 को अपराह्न 4:00 बजे ई–प्रॉक पोर्टल पर (https://eproc2.bihar.gov.in) |

| **क्र० सं०** | **निविदा का विवरण।** | **परिमाण विपत्र का मूल्य** | **अग्रधन की राशि** |
|---|---|---|---|
| 1 | **पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी के वित्तीय वर्ष 2025–26 के अंकेक्षण हेतु निबंधित ऑडिटर का चयन** | रू० 1,000/ (रूपये एक हजार)। | रू० 10,000/– (दस हजार रूपये) |

पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी के वित्तीय वर्ष 2025–26 के अंकेक्षण हेतु ऑडिटर के चयन हेतु इच्छुक एवं अनुभवी निबंधित चार्टर्ड अकाउन्टेंट फर्मों/अंकेक्षण संस्थाओ से ई–निविदायें निर्धारित समयावधि में ई–प्रॉक पोर्टल के माध्यम से विहित प्रपत्र में आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा e-Procurement Portal (https://eproc2.bihar.gov.in) के माध्यम से समर्पित की जानी है। ई–निविदा https://state.bihar.gov.in/ forest पर देखी जा सकती है। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष संख्या 0612-2217758 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

09/07/2026

सचिव,

पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी।

बिहार सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

# पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी

{Phone – 0612 2217758, Email- patnazoobihar@gmail.com}

## अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं० 07/e-PROC/PZMDS/2026-27

## पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी के वित्तीय वर्ष 2025–26 के अंकेक्षण हेतु निबंधित ऑडिटर का चयन के लिए प्रस्ताव प्राप्त करने हेतु शर्तें।

1. पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी के वित्तीय वर्ष 2025–26 के अंकेक्षण हेतु निबंधित ऑडिटर का चयन के लिए_इच्छुक एवं अनुभवी निबंधित चार्टर्ड अकाउन्टेंट फर्मो/अंकेक्षण संस्थाओ से दिनांक 18.07.2026 के 2:00 बजे अपराह्न तक Eproc2 के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है।

2. **निविदा से संबंधित विवरण निम्नवत् हैः–**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार। |
| 2 | विज्ञापनदाता का नाम पता | पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी |
| 3 | परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 09.07.2026 से 18.07.2026 को अपराह्न 12:00 बजे तक ई–प्रॉक पोर्टल पर (https://eproc2.bihar.gov.in) |
| 4 | प्री–बिड बैठक की तिथि एवं समय | दिनांक 13.07.2026 को अपराह्न 4:00 बजे (पटना जू स्थित निदेशक, पटना जू के कार्यालय में) |
| 4 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | दिनांक 18.07.2026 को अपराह्न 2:00 बजे तक ई–प्रॉक पोर्टल पर (https://eproc2.bihar.gov.in) |
| 5 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 18.07.2026 को अपराह्न 4:00 बजे ई–प्रॉक पोर्टल पर (https://eproc2.bihar.gov.in) |

**निविदा से संबंधित विवरणीः–**

| क्र० सं० | निविदा का विवरण। | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | **पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी के वित्तीय वर्ष 2025–26 के अंकेक्षण हेतु निबंधित ऑडिटर का चयन** | रू० 1,000/ (रूपये एक हजार)। | रू० 10,000/– (दस हजार रूपये) |

3. ई–निविदा की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु निविदाकर्त्ताओं को ई–निविदा के Service Provider के पास पंजीकृत होना होगा, जहाँ उन्हें उपयोगकर्त्ता का नाम (User ID), पासवर्ड (Password) एवं अंकीय हस्ताक्षर (Digital Signature) निर्गत की जायेगी। यह उन्हें वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने/ ई–टेंडर की प्रक्रिया में भाग लेने की योग्यता प्रदान करेगा। इसके लिए हेल्प डेस्क 'mjunction service Ltd, R.J. Complex, 2nd Floor, Khajpura-Ashina Road, Opp. Passport Office, P.S. Shastri Nagar, Patna- 800014, Toll Free No. 1800 572 6571, Email Id- eproc2support@bihar.gov.in' से सम्पर्क किया जा सकता है।

4. यदि कोई निविदाकर्त्ता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि ई–निविदा खोलने के समय उपस्थित नहीं होते हैं, तब भी ई–निविदा मान्य समझा जायेगा।

5. ई–निविदा प्रपत्र ऑन लाईन डाउनलोड किये जा सकते हैं जिस के लिए रू0 1,000/– का ई–पेमेंट मोड (NEFT/RTGS/Credit Card/Debit Card, Net Banking) से भुगतान करना होगा। इसी प्रकार Eproc2 के टेन्डर प्रोसेसिंग फीस का भुगतान भी ई–पेमेंट मोड से करना होगा। ई–निविदा प्रपत्र का मूल्य तथा टेन्डर प्रोसेसिंग फीस अप्रत्यर्पणीय होगा।

6. अर्पित निविदा में तकनीकी एवं वित्तीय निविदा के सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर अनिवार्य है।

7. निविदा अर्पित करने से पूर्व इच्छुक एवं अनुभवी निबंधित चार्टर्ड अकाउन्टेंट फर्मों/अंकेक्षण संस्था पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी के कार्यालय से कार्यालय अवधि में सम्पर्क कर कार्य की जानकारी प्राप्त कर सकते है।

8. **पात्रता मानदंडः–**

- इच्छुक निबंधित चार्टर्ड अकाउन्टेंट फर्मों/अंकेक्षण संस्था का मुख्य कार्यालय/शाखा कार्यालय पटना (बिहार) में होना चाहिए।
- फर्मो का दिनांक 31.03.2025 तक कम–से–कम 10 वर्ष का एक सक्रिय फर्म के रूप में अस्तित्व होना चाहिए।
- ज्वाईंट वेंचर एवं एसोसियशन को इस निविदा में भाग लेने की अनुमति नहीं है।
- फर्मो में अद्यतन आई.सी.ए.आई. प्रमाणपत्र के अनुसार कम–से–कम 3 साझेदार होने चाहिए, जिनमें 2 साझेदार एफ.सी.ए. होने चाहिए।
- फर्म का औसत वार्षिक टर्नओवर न्यूनतम 50 लाख होना चाहिए, जिसकी गणना वर्ष 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 के वार्षिक टर्नओवर के आधार पर की जाएगी। निविदादाता को इस संदर्भ में Audited Annual Financial Statement संलग्न करना होगा।
- फर्मों को केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम बैंको/सरकारी समितियों के वैधानिक/आंतरिक/समवर्ती लेखा परीक्षा/कर लेखा परीक्षा कार्यों का अनुभव होना चाहिए। इस संदर्भ में निविदादाता अपना अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करेंगे।

9. इच्छुक एवं अनुभवी चार्टर्ड अकाउन्टेंट फर्मों/अंकेक्षण संस्थाओ के द्वारा फर्मों/अंकेक्षण संस्थाओ के नाम एवं पता स्पष्ट रूप में तकनीकी निविदा प्रपत्र में अंकित करना अनिवार्य होगा।

10. अंकेक्षण संस्थाओं/ फर्मों के रजिस्ट्रेशन सं० स्पष्ट रूप से तकनीकी निविदा प्रपत्र में अंकित करना अनिवार्य होगा। साथ ही अंकेक्षण संस्थाओ/ फर्मों का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

11. अंकेक्षण संस्थाओ/ फर्मों के C&AG के द्वारा प्राप्त इंपैनलमेंट नं० स्पष्ट रूप से तकनीकी निविदा प्रपत्र में अंकित करना अनिवार्य होगा। साथ ही C&AG के द्वारा अनुमोदित होने का अद्यत्न प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा।

12. अंकेक्षक द्वारा अन्य संस्थानों में किये गय अंकेक्षण कार्य का कार्यादेश एवं अंकेक्षण शूल्क का भुगतान की छायाप्रति प्रस्ताव के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

13. अंकेक्षण संस्थाओ/ फर्मों संस्थाओ को जी०एस०टी० के अन्तर्गत निबंधित होना चाहिये। निबंधन प्रमाण–पत्र के साथ विगत 03 वर्षों का जी०एस०टी० स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगा।

14. अंकेक्षण संस्थाओ/ फर्मों आयकर का पैन नम्बर तथा विगत् तीन वर्षों के (असेसमेंट वर्ष 2023–24, 2024–25, 2025–26) का आयकर रिटर्न स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगा।

15. निविदादाता द्वारा वांछित दस्तावेज एवं अनुभव प्रमाण–पत्र तकनीकी निविदा में संलग्न न करने पर समर्पित निविदा को तकनीकी रूप से असफल घोषित किया जायेगा।
16. निविदा समिति द्वारा केवल तकनीकी निविदा में सफल निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी।
17. निविदादाता वित्तीय निविदा के प्रपत्र में पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी के अंकेक्षण के लिये अंकेक्षण शुल्क की राशि अंक एवं शब्द में दोनों साफ–साफ लिखेंगे। किसी भी परिस्थिति में ओवर राईटिंग मान्य नहीं होगा। शब्द एवं अंक में लिखे गये राशि में अंतर पाये जाने पर शब्द में अंकित राशि को वित्तीय मूल्यांकन हेतु अंतिम माना जायेगा। एक से अधिक दर अंकित करने की स्थिति में वित्तीय निविदा को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।
18. वित्तीय निविदा का मूल्यांकन निविदादाताओं द्वारा अर्पित दर **न्यूनतम अर्पित दर (एल–1)** के आधार पर तय किया जाएगा।
19. यदि दो या अधिक निविदाकर्त्ता के द्वारा एक ही दर अर्पित किया जाता है तो निविदा का निर्णय पर्ची निकाल कर किया जाएगा।
20. निविदा प्रपत्र में निविदादाता इस बात को प्रमाणित करेंगे कि उन्होंने निविदा के सभी शर्तों को पढ़ा/पढ़वाया और समझ लिया है तथा वे निविदा की सभी शर्तों को स्वीकार करते हैं।
21. सफल निविदादाता को निविदा की स्वीकृति की तिथि के एक सप्ताह के अन्दर एकरारनामा (एग्रीमेंट) पर हस्ताक्षर करना होगा। एकरारनामा के लिए सफल निविदादाता को रू० 1000/– का नन्–जुडिशियल स्टाम्प सचिव, पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाईटी के कार्यालय में जमा करना होगा।
22. सफल फर्म एकरारनामा निर्धारित समय (एक सप्ताह के भीतर) में करने में विफल रहते हैं तो सचिव, पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी को यह अधिकार होगा कि भविष्य में पटना जू के किसी भी अंकेक्षण में भाग लेने से उन्हें वंचित कर दें।
23. असफल निविदादाता की अग्रधन राशि निविदा के अन्तिम निर्णय के दो सप्ताह के बाद लौटा दी जायेगी।
24. सचिव, पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी को यह अधिकार होगा कि बिना कारण बताये निविदा रद्द कर दें।
25. अंकेक्षण करने वाले व्यक्ति को पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी कार्यालय में जाकर, वहाँ रहकर, वहाँ के लेखा से संबंधित अभिलेखों की जाँच के आधार पर अंकेक्षण कार्य करना है तथा कार्यालय प्रधान का हस्ताक्षर अंकेक्षित प्रतिवेदन पर प्राप्त करना आपका दायित्व होगा।
26. अंकेक्षण कार्य के दौरान अंकेक्षकों के ठहरने एवं खाने की व्यवस्था संबंधित अंकेक्षक फर्म/संस्थान द्वारा स्वयं की जायेगी।
27. विगत् वर्ष के अंकेक्षण में उठाये गये आपत्तियों को निराकरण की सम्पुष्टि आपके अंकेक्षण प्रतिवेदन में समर्पित किया जायेगा।
28. कार्यादेश निर्गत होने के 1 माह के अंदर अंकेक्षण कार्य पूरा कर प्रतिवेदन समर्पित किया जाना अनिवार्य होगा।
29. अंकेक्षण प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत विपत्र राशि का भुगतान नियमानुसार टैक्स कटौती के उपरांत की जायेगी।

08/07/2024

सचिव,
पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी।

बिहार सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

# पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी

{Phone – 0612 2217758, Email- patnazoobihar@gmail.com}

## अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं० 07/e-PROC/PZMDS/2026-27

## तकनीकी निविदा

1 चार्टर्ड अकाउन्टेंट फर्म/अंकेक्षण संस्था का नाम एवं पूरा पता (दूरभाष एवं मोबाईल नं० के साथ)

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

| Sl. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Firm with Address | |
| 2 | Firm Registration No. | |
| 3 | Year of Establishment | |
| 4 | C&AG empanelment No. | |
| 5 | No. of Partners in the Firm | |
| 6 | No. of FCAs | |
| 7 | No. of ACAs | |
| 8 | No. of other Professionals | |
| 9 | No. of Total Staff Force including Article assistants | |
| 10 | Average Annual Turnover of the Firm should be minimum of Rs. 50 lakh for Financial Years (2022-23, 2023-24 & 2024-25) | |
| 11 | PAN No. of the Firm | |
| 12 | Income Tax paid by the Firm for last 03 years | |
| 13 | GST No. of the Firm | |
| 14 | GST paid by the Firm for last 03 years | |
| 15 | Contact person Details | |
| 16 | Head Office/Branch Office of the Firm should be at Patna. | |
| 17 | The firms should have at least 10 years of existence as practicing firm as on 31.03.2026 | |
| 18 | The firm Should have at least 3 Partners as per latest ICAI certificate out of which 2 Partner should be FCA. | |
| 19 | The firms should have the experience of assignments in handling of Statutory/Internal/concurrent audit/Tax Audit of Central/State Government/PSU/Autonomous Bodies/PSU Banks/Government Societies. | |
| 20 | Any other information | |

मैं प्रमाणित करता हूँ कि मैनें निविदा के सभी शर्तों को पढ़ा/पढ़ावाया और समझा है एवं मैं निविदा की सभी शर्तों को स्वीकार करता/करती हूँ।

स्थान : ............................

निविदादाता का हस्ताक्षर

दिनांक: ............................

पूरा नाम –

पता, ई–मेल एवं मोबाईल नं०:–

बिहार सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

# पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी

{Phone 0612 – 2217758, Email- patnazoobihar@gmail.com}

## अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं० 07/e-PROC/PZMDS/2026-27

## वित्तीय निविदा

1 चार्टर्ड अकाउन्टेंट फर्म/अंकेक्षण संस्था का नाम एवं पूरा पता (दूरभाष एवं मोबाईल नं० के साथ)

.................................................................................................................................................................

.................................................................................................................................................................

2. **अंकेक्षण शुल्क –**

| क्र० सं० | विवरणी | अर्पित अंकेक्षण शुल्क (अंक में) | अर्पित अंकेक्षण शुल्क (शब्दों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | **पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी के वित्तीय वर्ष 2025–26 के अंकेक्षण के लिये अंकेक्षण शुल्क** | | |

नोटः–1. वित्तीय निविदा का मूल्यांकन न्यूनतम अर्पित दर (एल–1) के आधार पर तय किया जाएगा।

स्थान : .............................

दिनांकः .............................

निविदादाता का हस्ताक्षर

पूरा नाम –
पता–

मोबाईल नं०:–

ई–मेल :–